26

# कथन एवं निष्कर्ष

*किसी भी विषय से सम्बन्धित दी गई जानकारी को कथन (Statement) कहते हैं। कथन के आधार पर अनुमान के द्वारा जो तथ्य स्थापित किए जाते हैं, उन्हें निष्कर्ष (Conclusions) कहा जाता है।*

कथन एक ऐसी अवधारणा है जिसे आधार मानकर हम अपने अनुमान अथवा निष्कर्ष को व्यक्त करते हैं। निष्कर्ष एक ऐसी तथ्यपरख विवेचना या विकल्प है, जोकि किसी व्यक्ति द्वारा कहे गए कथनों या तथ्यों के आधार पर विश्लेषण करके विचारों के रूप में व्यक्त किए जाते हैं।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में सर्वप्रथम एक कथन दिया गया होता है, फिर इसके नीचे इस पर आधारित दो या दो से अधिक निष्कर्ष दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को कथन के सभी तथ्यों को सही मानते हुए चाहे वह सर्वमान्य मान्यताओं के विपरीत ही क्यों न हो, उन्हें सत्य मानना है और यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से सत्य है।

सामान्यत: निकाला जाने वाला निष्कर्ष सम्भवत: तथ्यपरख एवं स्वीकार्यता पर आधारित हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। इसलिए यह अत्यावश्यक है कि हम निम्नांकित तथ्यों को आधार मानकर सर्वप्रथम कथन का परीक्षण करें एवं तद्नुसार निष्कर्ष को कथन के परिवेश से बाहर न जाते हुए निष्कर्षों का सही निरूपण करें।

*इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न निम्न तथ्य पर आधारित होते हैं*

1. समानता पर आधारित निष्कर्ष
2. स्वीकार्यता पर आधारित निष्कर्ष
3. कारण एवं प्रभाव पर आधारित निष्कर्ष
4. तार्किक विवेचन
5. आधारभूत वैज्ञानिक परीक्षण

*कथन एवं निष्कर्ष से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने से पहले निम्न नियमों को ध्यान में रखना आवश्यक है।*

- यदि कथन सकारात्मक है, तो उसका निष्कर्ष भी सकारात्मक ही होगा।
- यदि कोई निष्कर्ष कथन की सूचना के किसी भाग में या सभी भागों में दिया गया हो, तो वह सत्य होगा।
- यदि कथन में, सलाह, परिणाम, निदान, प्रचार या विज्ञापन दिया गया है और निष्कर्ष उससे सीधा सम्बन्धित हो, जो उसके मूल उद्देश्यों को पूरा करता हो, तो वह निष्कर्ष सत्य होगा।
- यदि कथन में सरकारी आदेश या नियम की चर्चा की गई हो और निष्कर्ष उससे सीधा सम्बन्धित हो, तो निष्कर्ष सत्य होगा।
- यदि निष्कर्ष में पूर्वधारणा या अनुमान हो, तो वह असत्य होगा।
- भूतकाल व भविष्य काल की बात को निष्कर्ष में असत्य माना जाता है।

**निर्देश** (उदाहरण सं. 1 और 2) *नीचे दिए गए कथनों के आगे दो निष्कर्ष I व II दिए गए हैं। आप सामान्य तथ्यों में अन्तर होने पर भी दोनों वाक्यों की पड़ताल, सत्य समझकर करें। आप तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष उस कथन के आधार पर निश्चित रूप से निकाला जा सकता है?*

उत्तर दीजिए

(a) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) यदि निष्कर्ष I तथा II दोनों निकलते हैं
(d) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है

**उदाहरण 1. कथन** प्राकृतिक स्रोतों की कमी X देश की एक प्रमुख समस्या है। जनसंख्या विस्फोट प्राकृतिक स्रोतों की कमी का प्रमुख कारण है।

**निष्कर्ष** I. पुनर्नवीकरण ऊर्जा जनसंख्या में वृद्धि का एकमात्र समाधान है।

II. जनसंख्या वृद्धि प्राकृतिक स्रोतों पर एक बोझ है।

**[RRB (Group D) 2018]**

**हल** (d) कथन में जनसंख्या विस्फोट को प्राकृतिक स्रोतों की कमी का एक प्रमुख कारण माना गया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि जनसंख्या वृद्धि प्राकृतिक स्रोतों पर एक बोझ है। कथन से यह भी स्पष्ट नहीं होता है कि पुनर्नवीकरण ऊर्जा जनसंख्या में वृद्धि का एकमात्र समाधान है। अत: न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**उदाहरण 2. कथन** सिर्फ मरी हुई मछलियाँ ही बहाव के साथ जाती हैं।

**निष्कर्ष** I. जीवित मछली कभी प्रवाह के साथ नहीं जाएगी।

II. किसी व्यक्ति को खुद सोचकर निर्णय लेना चाहिए।

**[UPSSSC 2018]**

**हल** (b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है, क्योंकि यहाँ पर मछली से प्रयाय: सामान्य मानव से है। वही मानव भीड़ के साथ जाता है, जिसके पास सोचने व समझने की शक्ति नहीं होती। अत: व्यक्ति को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए।

**उदाहरण 3.** नीचे एक कथन तथा दो निष्कर्ष दिए गए हैं।

**कथन** कक्षा में लड़कियों का समूह बुद्धिमान है।

**निष्कर्ष** I. कक्षा में कोई लड़का नहीं है।

II. कक्षा की कुछ लड़कियाँ बुद्धिमान नहीं हैं।

ज्ञात कीजिए कि दिए गए कथन के आधार पर तार्किक रूप से कौन-सा निष्कर्ष इसका अनुसरण करता है? [RRB (Group D) 2018]

A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

C. निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(a) B
(b) A
(c) D
(d) C

हल (a) दिए गए कथन से यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि कक्षा में कोई लड़का नहीं है क्योंकि कथन में लड़कों के विषय में कुछ नहीं दिया गया है। लड़कियों का समूह बुद्धिमान है लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि सभी लड़कियाँ बुद्धिमान हैं। अतः कुछ लड़कियाँ बुद्धिमान नहीं हैं।

**उदाहरण 4.** निम्नलिखित कथनों को सत्य माने, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों तथा यह ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं? [UPSSSC 2018]

**कथन** उस बेकरी के ज्यादातर केक महँगे हैं।

**निष्कर्ष** I. उस बेकरी में कोई सस्ता केक नहीं है।

II. उस बेकरी के सभी केक महँगे हैं।

III. उस बेकरी में सस्ते केक भी हैं।

IV. उस बेकरी में प्लम केक महँगे हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष IV अनुसरण करता है

हल (c) दिए गए कथन में कहा गया है कि उस बेकरी के ज्यादातर केक महँगे हैं। यहाँ शब्द 'ज्यादातर' प्रयोग किया गया है। इसका अर्थ यह है कि सभी केक महँगे नहीं हैं अर्थात् उस बेकरी के कुछ केक ऐसे भी हैं, जो सस्ते हैं।

**उदाहरण 5.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

I. छात्रों के अतिरिक्त दूसरा कोई क्लब का सदस्य नहीं है।

II. क्लब के कुछ सदस्य विवाहित हैं।

III. सभी विवाहित डांस के लिए निमन्त्रित हैं।

उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? [UPSC (CSAT) 2012]

(a) सभी छात्र डांस के लिए निमन्त्रित हैं
(b) क्लब के सभी विवाहित छात्र डांस के लिए निमन्त्रित हैं
(c) क्लब के सभी सदस्य विवाहित हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

हल (b) कथन पर विचार करने से स्पष्ट होता है कि क्लब के सभी सदस्य छात्र हैं। चूँकि क्लब के कुछ सदस्य विवाहित हैं और सभी विवाहित डांस के लिए निमन्त्रित हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि क्लब के सभी विवाहित छात्र डांस के लिए निमन्त्रित हैं।

**उदाहरण 6. कथन** प्रत्येक पुस्तकालय में पुस्तकें हैं।

उपरोक्त कथन के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? [CGPSC 2015]

(a) कुछ पुस्तकालयों में पाठक नहीं होते हैं
(b) पुस्तकें केवल पुस्तकालय में हैं
(c) पुस्तकालय केवल पुस्तकों के लिए हैं
(d) कोई पुस्तकालय पुस्तक रहित नहीं है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

हल (d) दिए गए कथन 'प्रत्येक पुस्तकालय में पुस्तकें हैं' से तात्पर्य है कि कोई भी पुस्तकालय पुस्तक रहित नहीं है, सभी में पुस्तकें अवश्य होती हैं।

# प्रैक्टिस सेट

**निर्देश** (प्र.सं. 1-20) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक/दो कथन दिए गए हैं और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को समझना है और फिर उस पर आधारित दोनों निष्कर्षों पर विचार करना है और तय करना है कि कौन-सा निष्कर्ष उस कथन के आधार पर निश्चित रूप से निकाला जा सकता है?*

(a) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है
(d) यदि निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं

**1. कथन** डॉक्टरों का कहना है, "सुबह का योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।"

**निष्कर्ष** I. सुबह का योगाभ्यास अच्छे स्वास्थ्य का एकमात्र तरीका है।

II. शाम के समय योगाभ्यास, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

[RRB (Group D) 2018]

**2. कथन** कपिल ने मूनी टीवी पर 'प्राइम न्यूज विद कपिल' शो में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ समाचार एंकर पुरस्कार जीता।

**निष्कर्ष**

I. कपिल एक टीवी समाचार एंकर है।

II. कपिल ने लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। [UPSSSC 2018]

**3. कथन** राम और श्याम को हमेशा वर्ग में पहला और दूसरा रैंक मिलता है।

**निष्कर्ष**

I. राम को हमेशा पहली रैंक मिलती है, जबकि श्याम को दूसरी रैंक मिलती है।

II. राम और श्याम के बीच प्रतिस्पर्द्धा बहुत ही कठिन है। [UPSSSC 2018]

**4. कथन** सितारों के लिए लक्ष्य रखेंगे तब आप कम-से-कम चन्द्रमा पर उतरेंगे।

**निष्कर्ष**

I. लोग सितारों के लिए लक्ष्य रखते हैं, क्योंकि वे चन्द्रमा से बड़े होते हैं।

II. खगोलविद् तारों पर जाने का लक्ष्य रखते हैं और चन्द्रमा पर उतरते हैं।

[UPSSSC 2018]

**5. कथन** कोई देश इन दिनों पूरी तरह से आत्म-निर्भर नहीं है।

**निष्कर्ष**

I. उन सभी बातों को विकसित करना और उत्पादन करना असम्भव है, जिनकी देश को आवश्यकता होती है।

II. आमतौर पर देशवासी आलसी हो गए हैं।

[UP Police (Constable) 2018]

**6. कथन** आजकल वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं।

**निष्कर्ष**

I. सभी वस्तुएँ दुर्लभ होती जा रही हैं।

II. लोग वस्तुएँ नहीं खा सकते हैं।

[RRB (Group D) 2018]

**7. कथन** घर पर उगाई गई फल और सब्जियाँ आयातित फल और सब्जियों का उपभोग करने की तुलना में स्वास्थ्य के लिए अच्छी है, जिनका रख-रखाव कृत्रिम परिस्थितियों का उपयोग करके फ्रेश दिखाई देने के लिए किया जाता है।

**निष्कर्ष**

I. आयातित सब्जियाँ कृत्रिम स्थितियों के तहत् बनाए रखी जाती हैं।

II. घर पर उगाई गई फल और सब्जियाँ आमतौर पर ताजा होती हैं। **[RRB (Group D) 2018]**

**8. कथन** एक लम्बे और पेचीदा विवाद में शामिल होने के लिए, किसी को भी काफी बुद्धिमान होना चाहिए, क्योंकि वे बहुत बातूनी और बोरिंग होते हैं।

**निष्कर्ष**

I. सभी बुद्धिमान व्यक्ति बोरिंग होते हैं।

II. सभी बुद्धिमान व्यक्ति लम्बे और पेचीदा विवादों को सम्भालने में काफी सक्षम होते हैं। **[RRB (Group D) 2018]**

**9. कथन** अधिकांश भारतीय जानते हैं कि उनके पास एक महान् विरासत है किन्तु कुछ इसमें विज्ञान को शामिल करते हैं।

**निष्कर्ष** I. अनेक भारतीय मानते हैं कि विज्ञान ने भारतीय विरासत को महान् बनाया है।

II. अनेक भारतीय नहीं जानते हैं कि भारत के पास महान् वैज्ञानिक विरासत है। **[SSC (CGL) 2014]**

**10. कथन** नेता मनुष्य होते हैं।
सभी मनुष्यों को विश्राम की आवश्यकता होती है।

**निष्कर्ष** I. सभी मनुष्य नेता नहीं होते।

II. नेताओं को विश्राम की आवश्यकता होती है। **[SSC (Steno) 2013]**

**11. कथन** शिक्षा आलोकित करने की एक प्रक्रिया है। मस्तिष्क के ज्ञानात्मक पहलू के मर्म के प्रबोधन के लिए प्रकाश की आवश्यकता होती है।

**निष्कर्ष**

I. शिक्षा एक प्रकाश है, जो मस्तिष्क के अन्धकार को दूर करता है।

II. शिक्षा मस्तिष्क के लिए एक स्थिर प्रक्रिया है। **[SSC (10+2) 2013]**

**12. कथन** हमारे राष्ट्र की बढ़ती हुई जनसंख्या बहुत-से मौलिक साधनों को क्षीणता की ओर ले जाएगी।

**निष्कर्ष**

I. हमारे राष्ट्र की जनसंख्या को नियन्त्रित किया जा सकता है।

II. राष्ट्र अपने नागरिकों को एक शालीन जीवन निर्वाह नहीं प्रदान कर पाएगा। **[SSC (CPO) 2013]**

**13. कथन** जहाँ तक जनसंख्या विकास की दर का सम्बन्ध है, गुजरात और बिहार राज्यों में शायद ही कोई फर्क होगा, पर अशिक्षितों के प्रतिशत के मामले में एक-दूसरे से आगे है।

**निष्कर्ष** I. गुजरात की जनसंख्या बिहार से अधिक है।

II. बिहार में अशिक्षित गुजरात से अधिक हैं। **[Income Tax 2005]**

**14. कथन** यह विश्व न तो अच्छा है और न ही खराब। प्रत्येक व्यक्ति अपनी दुनिया का निर्माण स्वयं करता है।

**निष्कर्ष** I. कुछ लोगों को यह विश्व काफी अच्छा लगता है।

II. कुछ लोगों को यह विश्व काफी खराब लगता है।

**15. कथन** अच्छी आवाज प्रकृति की देन है लेकिन उसे बेहतर बनाने और संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता हेतु प्रत्येक को अभ्यास करते रहना पड़ता है।

**निष्कर्ष** I. प्रकृति की देन को पालन-पोषण की जरूरत होती है।

II. यद्यपि आपकी आवाज अच्छी न हो, फिर भी अभ्यास जारी रख सकते हैं।

**16. कथन** राष्ट्रीय मानक प्रति हजार जनसंख्या पर 100 बिस्तर हैं परन्तु इस राज्य के अस्पतालों में प्रति हजार जनसंख्या पर 150 बिस्तर हैं।

**निष्कर्ष** I. हमारे राष्ट्रीय मानक पर्याप्त हैं।

II. राज्य का स्वास्थ्य तन्त्र इस मामले में पर्याप्त सावधानी रख रहा है।

**17. कथन** नैतिकता और शील की अवधारणाओं का बलिदान किए बिना इस दुनिया में रह पाना और समृद्ध होना लगभग असम्भव है।

**निष्कर्ष** I. विश्व कुछ धारणाओं की केवल सराहना करता है लेकिन उन्हें आत्मसात् नहीं कर पाता है।

II. नैतिकता और शील की अवधारणाएँ जीवन में व्यवहार्य नहीं हैं।

**18. कथन** पठन पाठन में रुचि जगाने के लिए स्कूल ने जून 2010 से यह अनिवार्य बना दिया है कि प्रत्येक छात्र प्रत्येक सप्ताह दो किताबें पढ़े और पुस्तकों पर साप्ताहिक रिपोर्ट दें।

**निष्कर्ष** I. बलपूर्वक पढ़ने में रुचि जगाई जा सकती है।

II. कुछ छात्र कालान्तर में पढ़ने में रुचि विकसित कर लेंगे।

**19. कथन** स्त्री कल्याण और रोजगार पैदा करने सम्बन्धी कार्यक्रमों में असमान रूप से धनराशि का बँटवारा तब बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है, जब हम इन दोनों क्षेत्रों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण का विश्लेषण करते हैं।

**निष्कर्ष** I. स्त्री कल्याण कार्यक्रमों के प्रति सरकार का दृष्टिकोण रोजगार पैदा करने वाले कार्यक्रमों की तुलना में अधिक पक्षपातपूर्ण है।

II. सरकार दोनों कार्यक्रमों को समान महत्त्व दे रही है।

**20. कथन** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत-सी कविताएँ लिखीं।
प्रत्येक कवि को सौन्दर्यपरक ज्ञान होता है।
सौन्दर्यशास्त्र मूल्याश्रित अध्ययन का एक भाग है।

**निष्कर्ष** I. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने विभिन्न मूल्याश्रित अध्ययन किए।

II. उन्होंने तर्कशास्त्र और नीतिशास्त्र का आधार अपनाया। **[SSC (10+2) 2014]**

**निर्देश** (प्र.सं. 21-23) *निम्नलिखित प्रश्नों में दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं, निष्कर्षों का तर्कसंगत परीक्षण करके सही उत्तर दीजिए।* **[CGPSC 2016]**

(a) यदि I अनुमानित है
(b) यदि II अनुमानित है
(c) यदि दोनों अनुमानित हैं
(d) यदि I या II अनुमानित है
(e) यदि न तो I और न ही II अनुमानित है

**21. कथन** अन्तर्द्वन्द्व तनाव उत्पन्न करता है।
अन्तर्द्वन्द्व का निवारण स्वस्थ मानसिक अवस्था का द्योतक है।

**निष्कर्ष** I. अन्तर्द्वन्द्व से छुटकारा पाकर मनुष्य मानसिक रूप से सशक्त होता है।

II. अन्तर्द्वन्द्व से छुटकारा मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है।

**22. कथन** सूर्य प्रकाश ऊर्जा का एक उत्तम स्रोत है।
सौर ऊर्जा की अत्यधिक आवश्यकता है।

**निष्कर्ष** I. ऊर्जा दूसरे स्त्रोत से भी प्राप्त की जा सकती है।

II. कोयला ऊर्जा का एक अच्छा स्त्रोत है।

**23. कथन** बुद्धिमान लोग महान अन्तर्दृष्टा होते हैं।
अनिल चीजों को बहुत जल्दी समझने में सक्षम है।

**निष्कर्ष** I. अनिल बुद्धिमान है।

II. अनिल महान अन्तर्दृष्टा है।

**निर्देश** (प्र.सं. 24 और 25) *नीचे दिए गए कथनों के दो निष्कर्ष हैं। ज्ञात कीजिए कि दिए गए कथनों का सार रूप से कौन-सा निष्कर्ष अनुसरण करता है?* **[RRB 2016]**

A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
C. निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते हैं
D. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**24. कथन** बहुत से लोगों के पास नारंगी रंग का स्कूटर है, जबकि कुछ के पास लाल रंग का। लोगों को भड़कीले रंग के स्कूटर पसन्द हैं।

**निष्कर्ष** I. लोग भड़कीले रंग की कार नहीं चलाते।
II. बहुत-से लोग भड़कीले रगों के स्थान पर नारंगी रंग को प्राथमिकता देते हैं।

(a) D (b) A
(c) B (d) C

**25. कथन** मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। मेहनती लोग परिणाम के प्रति सदैव आशान्वित रहते हैं।

**निष्कर्ष** I. परिणाम प्राप्त करने के लिए मेहनत के अतिरिक्त अन्य कोई शॉर्टकट नहीं है।
II. मेहनत ही निश्चित सफलता का पथ है।

(a) B (b) A
(c) D (d) C

**26.** प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको इस कथन को सत्य मानना होगा, भले ही यह आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको यह तय करना है, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष, यदि कोई है, दिए गए कथन का अनुसरण करता है।

**कथन** गेहूँ के उत्पादन की तुलना में उसकी घरेलू माँग तेजी से बढ़ रही है।

**निष्कर्ष** I. घरेलू माँग कम की जानी चाहिए।
II. हमें गेहूँ का निर्यात करना चाहिए।
**[UP Police (Constable) 2019]**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष I एवं II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**27.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन तथा दो निष्कर्ष दिए गए हैं।

**कथन** आर्थिक सुरक्षा लोगों को बेहतर और अधिक खुशहाल बनाती है और उनके व्यक्तित्व पर अच्छा प्रभाव डालती है।

**निष्कर्ष** I. जो लोग अधिक धन कमाते हैं, वह अधिक ख़ुशहाल होते हैं।
II. अच्छा व्यक्तित्व बनाए रखने के लिए लोगों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत होना चाहिए।
**[SSC (CPO) 2016]**

(a) निष्कर्ष I और II में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(d) केवल निष्कर्ष II निकलता है

**28.** प्रश्न में दो कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको इस कथन को सत्य मानना होगा, भले ही यह आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होता हो। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष यदि कोई है, दिए गए कथन का अनुसरण करता है?

**कथन**
1. कई व्यावसायिक कार्यालय 2 से 8 मन्जिल वाले भवनों में स्थित हैं।
2. यदि किसी भवन में 3 मन्जिलें हैं, तो इसमें लिफ्ट होती है।

**निष्कर्ष** I. सभी मन्जिलों पर लिफ्ट द्वारा पहुँचा जा सकता है।
II. केवल तीसरी मन्जिल के ऊपर वाली मन्जिलों में लिफ्ट हैं।
III. 7वीं मन्जिल में लिफ्ट है।
**[UP Police (Constable) 2018]**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) तीनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

**निर्देश** (प्र. सं. 29 और 30) *निम्नलिखित कथनों को सत्य माने, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं?*

**29. कथन** सभी अभिनेत्रियाँ सुन्दर होती हैं।

**निष्कर्ष** I. यदि A सुन्दर है, तो वह अभिनेत्री होनी चाहिए।
II. यदि A अभिनेत्री है, तो वह सुन्दर होनी चाहिए।
III. A भद्दी है, तो A अभिनेत्री होनी चाहिए।
IV. अभिनय करने वाले भद्दे होते हैं।
**[UPSSSC 2018]**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष III एवं IV दोनों अनुसरण करते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**30. कथन** भारत एक औद्योगिक राष्ट्र बन रहा है। प्रदूषण औद्योगीकरण से सम्बद्ध समस्या है।

**निष्कर्ष** I. सभी औद्योगिक केन्द्र प्रदूषित हैं।
II. भारत प्रदूषित है।
III. प्रदूषित राष्ट्र औद्योगिक है।
IV. भारत प्रदूषित हो सकता है।
**[CGPSC 2014]**

(a) केवल निष्कर्ष I
(b) केवल निष्कर्ष II
(c) केवल निष्कर्ष IV
(d) ये सभी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**31.** अक्टूबर महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री इस बात पर निर्भर करती है कि पिछले कुछ महीनों में मानसून कैसा रहा है। भारत के अधिकाँश हिस्सों में, चालू वर्ष में वर्षा, अपेक्षा से अधिक हुई है।
उपरोक्त से मोटरसाइकिल विनिर्माण कम्पनियों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? **[UPSSSC 2018]**

(a) लाभप्रदता बढ़ाने के लिए कम्पनियाँ मोटरसाइकिल की कीमतें बढ़ाएँगी
(b) कम्पनियाँ लागत को कम करने के लिए जनशक्ति को कम कर देंगी
(c) यदि कीमतें अपरिवर्तित बनी रहती हैं, तो भी कम्पनियों का राजस्व बढ़ेगा
(d) प्रत्येक कम्पनी की बाजार हिस्सेदारी में, अच्छी बिक्री से इजाफा होगा

**32.** कुछ निष्कर्षों के बाद बयान/बयानों का समूह दिया जाता है। वह निष्कर्ष चुनिए, जो दिए गए कथन/कथनों से तार्किक रूप से अनुसरण करता है। **[RRB (ALP) 2018]**

**कथन** कारखाने के सभी मेहनती श्रमिकों को पिछले पाँच वर्षों में पदोन्नत किया गया है।

(a) पदोन्नति के बाद, कुछ श्रमिकों ने कड़ी मेहनत करना बन्द कर दिया
(b) मेहनत ही तरक्की का एकमात्र मापदण्ड है
(c) पिछले पाँच वर्षों में पदोन्नत किए गए कुछ श्रमिक मेहनती हैं
(d) कारखाने में कोई ऐसा कामगार नहीं है, जो मेहनती नहीं है

**33. कथन** योग्यता गरीब व्यक्ति की पूँजी है। उपरोक्त कथन के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है? **[CGPSC 2015]**

(a) एक गरीब व्यक्ति पूँजी कमा सकता है, यदि उसमें योग्यता है
(b) एक धनी व्यक्ति हमेशा योग्य होता है
(c) एक गरीब व्यक्ति हमेशा योग्य होता है
(d) एक गरीब व्यक्ति में पूँजी कमाने की योग्यता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**34.** सभी अच्छे खिलाड़ी जीतना चाहते हैं और जो खिलाड़ी जीतना चाहते हैं, वे सभी सन्तुलित भोजन करते हैं; अत: वे सभी खिलाड़ी, जो सन्तुलित भोजन नहीं करते, खराब खिलाड़ी हैं। **[UPSC (CSAT) 2015]**

उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?

(a) कोई खराब खिलाड़ी जीतना नहीं चाहता
(b) कोई भी खिलाड़ी, जो सन्तुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है
(c) प्रत्येक खिलाड़ी, जो सन्तुलित भोजन करता है, वह अच्छा खिलाड़ी है
(d) सभी खिलाड़ी, जो जीतना चाहते हैं, अच्छे खिलाड़ी हैं

**35. कथन** सभी कलाकार सनकी होते हैं।
कुछ कलाकार नशीले पदार्थों के व्यसनी होते हैं।
कुण्ठाग्रस्त व्यक्तियों के नशीले पदार्थों का व्यसनी बन जाने की सम्भावना रहती है।

उपरोक्त कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि **[UPSC (CSAT) 2012]**

(a) कलाकार कुण्ठाग्रस्त होते हैं
(b) नशीले पदार्थों के व्यसनी लोगों में से कुछ सनकी होते हैं
(c) सभी कुण्ठाग्रस्त व्यक्तियों को नशीले पदार्थों का व्यसन होता है
(d) सनकी व्यक्ति आमतौर पर कुण्ठाग्रस्त होते हैं

**36. कथन** प्राथमिक समूह आकार में अपेक्षाकृत छोटा होता है।
घनिष्ठता प्राथमिक समूह का मुख्य अभिलक्षण है।
एक परिवार प्राथमिक समूह का उदाहरण हो सकता है।

उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है? **[UPSC (CSAT) 2013]**

(a) सभी परिवार प्राथमिक समूह हैं
(b) सभी प्राथमिक समूह परिवार हैं
(c) अपेक्षाकृत छोटे आकार का समूह हमेशा प्राथमिक समूह होता है
(d) प्राथमिक समूह के सदस्य एक-दूसरे को घनिष्ठता से जानते हैं

**37.** दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

यद्यपि साक्षरों की संख्या गाँव A में इस वर्ष अधिकतम है, गाँव B में साक्षरता दर की वृद्धि सबसे अधिक थी, जिसमें इस वर्ष 10% की वृद्धि हुई तथा साक्षरों की संख्या 42000 थी। **[RBI(AM)2017]**

दिए गए तथ्यों से निम्न में कौन-सा कथन निकलता है।

(a) गाँव A में साक्षरता दर की प्रतिशतता निश्चित रूप से 10% से ज्यादा बढ़ गई है
(b) यदि गाँव B में साक्षर व्यक्तियों की संख्या 42000 है, तब गाँव A में यह संख्या इससे ज्यादा होगी
(c) इस वर्ष गाँव A में साक्षरों की संख्या निश्चित रूप से 42000 से ज्यादा है
(d) गाँव B में अब भी 42000 व्यक्ति निरक्षर हैं
(e) गाँव A तथा गाँव B में साक्षर व्यक्तियों की संख्या निश्चित रूप से 88200 हैं

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (a) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (a) | 6. (c) | 7. (d) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (d) | 12. (b) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (a) | 16. (b) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (a) |
| 21. (b) | 22. (a) | 23. (c) | 24. (c) | 25. (d) | 26. (d) | 27. (a) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (c) |
| 31. (c) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (b) | 36. (d) | 37. (c) | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** (*c*) सुबह का योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए अच्छा है इसका अर्थ यह नहीं है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुबह का योगाभ्यास एकमात्र तरीका है व निष्कर्ष II अर्थात् शाम के समय योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, का कथन में कोई जिक्र नहीं है। अतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण नहीं करते हैं।

**2.** (*a*) कथन में कहा गया है कि कपिल को शो में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ समाचार एंकर का पुरस्कार मिला। अतः स्पष्ट रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि कपिल एक टीवी समाचार एंकर है। कपिल ने यह पुरस्कार कितनी बार जीता है कथनानुसार इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। अत: केवल निष्कर्ष I निकलता है।

**3.** (*b*) केवल निष्कर्ष II का पालन होता है, क्योंकि यह ज्ञात नहीं है कि राम और श्याम में से कौन प्रथम व दूसरे स्थान पर आता है।

**4.** (*c*) दिया गया कथन एक कहावत है कि यदि कोई व्यक्ति सितारों पर जाने का लक्ष्य रखेगा तो कम-से-कम वह चाँद तक तो पहुँचेगा। अत: यह कहावत व्यक्तियों में आशावादी सोच व हमेशा निरन्तर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरणा देती है।
अतः न तो धारणा I और न ही धारणा II अन्तर्निहित है।

**5.** (*a*) कोई भी देश पूर्ण विकसित नही हो सकता क्योंकि वह अपनी आवश्यकताओं की सभी वस्तुओं का उत्पादन नही कर सकता है। इसी कारण वह कुछ आवश्यक वस्तुओं को दूसरे देशों से आयात करता है।

**6.** (*c*) आजकल वस्तुओं की कीमत बढ़ने का मूख्य कारण जनसंख्या वृद्धि है। वस्तुओं का उत्पादन जनसंख्या की वृद्धि दर के अनुपात में बहुत कम है। इस कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

**7.** (*d*) घर में उगाई जाने वाली सब्जियाँ और फल जैविक खादों से तैयार की जाती है, जिसमें कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग नहीं किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। जबकि कृत्रिम विधि से संरक्षित की जाने वाली सब्जियों में पोषक तत्वों की कमी होती है।

**8.** (*b*) कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लम्बे और पेचीदा विवाद में शामिल होने वाले व्यक्ति को बुद्धिमान होना चाहिए अर्थात् बुद्धिमान व्यक्ति लम्बे और पेचीदा विवादों को सम्भालने में सक्षम होते हैं। अतः कथनानुसार केवल निष्कर्ष II निकलता है।

**9.** (*a*) दिए गए कथन के आधार पर ज्ञात होता है कि विज्ञान की सहायता से ही दुनिया के लोगों ने भारत की महान् विरासत को जाना है। अत: केवल निष्कर्ष I निकलता है।

**10.** (*b*) दिए गए कथन से, नेता मनुष्य होते हैं और सभी मनुष्यों को विश्राम की आवश्यकता होती है। अतः नेताओं को विश्राम की आवश्यकता होती है, अतः केवल निष्कर्ष II निकलता है।

**11.** (*d*) शिक्षा के द्वारा बच्चों में तर्क करने की क्षमता विकसित होती है, जिसके कारण वह सभी तथ्यों को सरलतापूर्वक समझ सकता है। इससे बच्चों के मस्तिष्क का पूर्णतया विकास होता है।

**12.** (*b*) बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण राष्ट्र अपने नागरिकों को एक शालीन जीवन निर्वाह नहीं प्रदान कर पाएगा।

**13.** (*c*) जनसंख्या आकड़ों के आधार पर गुजरात की जनसंख्या बिहार की जनसंख्या से कम है तथा गुजरात में शिक्षित व्यक्तियों की प्रतिशतता बिहार की अपेक्षा अधिक है।

**14.** (*d*) चूँकि जो व्यक्ति जिस दुनिया में रहता है, उसे वही अच्छा प्रतीत होता है। अतः कुछ को यह विश्व काफी अच्छा लगता है, जबकि कुछ को काफी खराब।

**15.** (*a*) बिना पालन-पोषण के प्रकृति की देन को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। अतः कथन से निष्कर्ष I निकलता है।

**16.** (*b*) कथन से इस बात की पुष्टि नहीं होती है कि हमारे मानक पर्याप्त हैं लेकिन कथनानुसार यह लगता है कि इस राज्य का स्वास्थ्य तन्त्र काफी मजबूत है तथा इस मामले में पर्याप्त सावधानी रख रहा है।

**17.** (*b*) कथन से यह बात झलकती है कि नैतिकता और शील की अवधारणाएँ जीवन में व्यवहार्य नहीं हैं और इसलिए इन्हें छोड़कर ही समृद्ध हुआ जा सकता है तथा इस दुनिया में रहा जा सकता है, जबकि कथन से निष्कर्ष I नहीं निकलता है।

**18.** (*c*) कथन से न तो यह पता चलता है कि बलपूर्वक पढ़ाई में रुचि जगाई जा सकती है और न ही यह कि कुछ छात्र कालान्तर में पढ़ने में रुचि विकसित कर लेंगे।

**19.** (*c*) सरकार स्त्री कल्याण योजना से अधिक रोजगार पैदा करने वाली योजनाओं पर धन का आवंटन कर रही है क्योंकि रोजगार बढ़ने से व्यक्तियों की आय में वृद्धि होती है, जो देश के आर्थिक विकास में सहायक है। इसके सापेक्ष में सरकार स्त्री कल्याण योजना पर कम आवंटन कर रही है।

**20.** (*a*) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत सी सौन्दर्यपरक कविताओं की रचना की है, जो सौन्दर्य शास्त्र मूल्याश्रित अध्ययन पर आधारित है। इसमें किसी भी प्रकार तर्कशास्त्र और नीति शास्त्र को आधार नहीं बनाया गया है।
क्योंकि कथनों में कहीं भी नीतिशास्त्र तथा तर्कशास्त्र का जिक्र नहीं है। अतः निष्कर्ष II सही नहीं है।

**21.** (*b*) निष्कर्ष II अनुमानित किया जा सकता है, क्योंकि निष्कर्ष I सशक्तता को रेखांकित करता है, मानसिक स्वस्थता को नहीं।

**22.** (*a*) सूर्य प्रकाश ऊर्जा का एक उत्तम स्त्रोत है। इससे निष्कासित होता है कि ऊर्जा के अन्य स्त्रोत भी होते हैं। कथन में कोयला ऊर्जा का उल्लेख नहीं है। अतः निष्कर्ष I ही अनुमानित है।

**23.** (*c*) अनिल चीजों को बहुत जल्दी समझने में सक्षम है, इसलिए अनिल महान अन्तर्दृष्टा है। चूँकि बुद्धिमान लोग महान अन्तर्दृष्टा होते हैं। अतः अनिल बुद्धिमान है।

**24.** (*c*) चूँकि लोगों को भड़कीले रंग के स्कूटर पसंद हैं तथा बहुत से लोगों के पास नारंगी रंग का स्कूटर है। इसका अर्थ यह है कि बहुत से लोग भड़कीले रंगों के स्थान पर नारंगी रंग को प्राथमिकता देते हैं।

**25.** (*d*) कथनानुसार, मेहनत का कोई विकल्प नहीं है अर्थात् मेहनत सफलता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। इसका कोई भी अन्य शॉर्टकट तरीका नहीं है। अतः दोनों ही निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

**26.** (*d*) कथनानुसार, 'गेहूँ के उत्पादन की तुलना में उसकी घरेलू माँग तेजी से बढ़ रही हैं।' इससे न तो यह निष्कर्ष निकलता है कि घरेलू माँग को कम किया जाना चाहिए और न ही यह निष्कर्ष निकलता है कि हमें गेहूँ का निर्यात करना चाहिए क्योंकि घरेलू माँग को कम करना सम्भव नहीं है और गेहूँ का निर्यात करने में समस्या और अधिक होगी। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**27.** (*a*) धन लोगों को आर्थिक (भौतिक) सुविधा प्रदान करता है। धन लोगों को मानसिक शान्ति की प्राप्ति नही कराता है। इस कारण यह कहना गलत होगा कि धन कमाने वाले लोग अधिक खुशहाल होते हैं। अच्छा व्यक्तित्व स्वस्थ मानसिकता से प्रभावित होता है, जिसका धन से कोई सम्बन्ध नही है।

**28.** (*c*) कथनानुसार किसी भवन में 3 मन्जिल या उससे अधिक मन्जिल हैं, तो उस भवन में लिफ्ट की व्यवस्था होती है। अतः यदि किसी भवन की 7 वीं मन्जिल में जाना हो, तो वहाँ लिफ्ट की व्यवस्था अवश्य ही होगी।

**29.** (*b*) दिए गए कथन से स्पष्ट रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि A अभिनेत्री है, तो वह सुन्दर होनी चाहिए। अतः केवल निष्कर्ष II दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है।

**30.** (*c*) दोनों कथनों पर विचार करने से स्पष्ट है कि भारत प्रदूषित हो सकता है।
अतः निष्कर्ष IV सही है।

**31.** (*c*) कथन में कहा गया है कि भारत में चालू वर्ष में वर्षा, अपेक्षा से अधिक हुई है और अक्टूबर महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले कुछ महीनों के मानसून पर निर्भर करती है। अर्थात् अक्टूबर माह में मोटरसाइकिलों की बिक्री अच्छी रहेगी तथा यदि कीमतें अपरिवर्तित बनी रहती हैं, तो भी कम्पनियों का राजस्व बढ़ेगा। क्योंकि जब अधिक संख्या में बिक्री होगी, तो राजस्व भी बढ़ता है।

**32.** (*c*) दिए गए कथन के अनुसार केवल उन्ही श्रमिकों को पदोन्नति प्राप्त हुई, जो पिछले 5 वर्षों से मेहनती थे। अतः विकल्प (c) सही है।

**33.** (*a*) दिए गए कथन से स्पष्ट है कि यदि किसी गरीब व्यक्ति के अन्दर योग्यता है, तो वह पूँजी कमा सकता है।

**34.** (*b*) दिए गए कथन के अनुसार, सभी अच्छे खिलाड़ी जीतना चाहते हैं और जो खिलाड़ी जीतना चाहते हैं, वे सभी सन्तुलित भोजन करते हैं। अतः इससे स्पष्ट है कि कोई भी खिलाड़ी, जो सन्तुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है।

**35.** (*b*) कथनानुसार, सभी कलाकार, सनकी होते हैं और कुछ कलाकार नशीले पदार्थों के व्यसनी होते हैं। इसलिए नशीले पदार्थों के व्यसनी लोगों में से कुछ सनकी होते हैं। अतः दिए गए कथनों से केवल निष्कर्ष (b) निकलता है।

**36.** (*d*) प्राथमिक समूह के सदस्यों में घनिष्ठता होती है, परिवार ऐसे ही समूह का एक उदाहरण है।

**37.** (*c*) प्रश्नानुसार स्पष्ट है कि इस वर्ष गाँव A में साक्षरों की संख्या निश्चित रूप में 42000 से ज्यादा हैं।